राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, घुमारवीं बिलासपुर में आयोजित प्रकृति कार्यक्रम पर रिपोर्ट

Report on Prakriti Programme organized at Government Girls Senior Secondary School, Ghumarwin, Bilaspur, HP

भा.वा.अ.शि.प.-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, घुमारवीं में प्रकृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 250 छात्राओं ने भाग लिया । संस्थान से राजेंद्र पाल भाटिया ने पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों, प्रधानाचार्य सहित अध्यापकों को भी हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला का अधिदेश, इसके अधीनस्थ क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों, वन विज्ञान केन्द्रों, संस्थान की संगठनात्मक व्यवस्था, संस्थान में चल रही अनुसंधान गतिविधियों एवं अनुसंधान परिणामों पर संक्षिप्त व्याख्यान दिया तथा भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद के अंतर्गत समस्त संस्थानों के बारे में भी जानकारी दी। इसके बाद कुलवंत राय गुलशन ने ऊर्जा एवं पानी सरंक्षण, सिंगल यूस प्लास्टिक रीड्यूसड, सॉलिड वेस्ट एवं ई-वेस्ट मैनेजमेंट आदि के बारे मे बच्चों के साथ जानकारी सांझा की और उन्हें पर्यावरण सरंक्षण में अपना योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया #मिशन लाइफ।

मिशन लाईफ कार्यक्रम
Mission LiFE Programme

LiFE
मिशन लाईफ कार्यक्रम
Mission LiFE Programme
भा०वा०अ०शि०प०-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला
(Indian Council of Forestry Research & Education)

मीडिया कवरेज़

छात्रों को दी पर्यावरण संरक्षण की जानकारी

घुमारवीं स्कूल में एकदिवसीय जागरूकता शिविर आयोजित

घुमारवीं, 17 अप्रैल (केशव): वीरवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं में पर्यावरण संरक्षण विषय पर प्रधानाचार्य परमजीत शर्मा की अध्यक्षता में एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद हिमालय वृत्त अनुसंधान संस्थान शिमला से आए राजिंद्र भाटिया ने विशेष रूप से भाग लिया।

शिविर में भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद हिमालय वृत्त अनुसंधान संस्थान शिमला के राजिंद्र भाटिया ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति द्वारा विद्यार्थियों एवं भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद देहरादून के अधीनस्थ भारत वर्ष के अन्य राज्यों में स्थापित विभिन्न संस्थाओं के बारे में जानकारी दी।

परिषद के अधीनस्थ हिमालय वानिकी अनुसंधान संस्थान शिमला और उक्त संस्थान में चल रही अनुसंधान गतिविधियों के बारे में भी बताया।

इसके अलावा कुलवंत राय गुलशन के द्वारा भारत सरकार के निर्देशानुसार मिशन लाइफ और इसके विभिन्न थीम एवं ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण, प्लास्टिक एवं ठोस प्रबंधन आदि विभिन्न विषयों के बारे में छात्रों को जानकारी दी।

अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य परमजीत शर्मा के द्वारा संस्थान का आभार व्यक्त किया गया और भविष्य में दोबारा इस तरह के जागरूकता शिविर आयोजित करते रहने का आग्रह किया गया।

****